भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 541
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर
आंध्र प्रदेश में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे

541. श्री बी.के. पार्थसारथी:
श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के पूरा होने और संचालन की समय-सीमा सहित उनके विकास की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश में प्रत्येक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजना के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को भोगापुरम और दगडार्थी ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में किसी विशिष्ट चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) इन चुनौतियों से निपटने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) आंध्र प्रदेश में स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भोगापुरम, दगडार्थी और ओरवाकल (कुरनूल) ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के अनुमानित आर्थिक प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति, 2008 के अनुसार, भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में तीन ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी थी, नामतः 293 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर दगडार्थी, 4727 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर भोगापुरम और 187 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर ओरवाकल (कुर्नूल) हैं। ओरवाकल (कुर्नूल) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा मार्च, 2021 में चालू हो गया है।

परियोजनाओं के वित्तपोषण, भूमि अधिग्रहण, आर एंड आर आदि सहित हवाईअड्डा परियोजनाओं के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार (यदि राज्य सरकार परियोजना प्रस्तावक है) सहित संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता की होती है। इसके अलावा, निर्माण कार्य पूरा होने की समयसीमा विभिन्न कारकों जैसे परियोजना प्रस्तावक द्वारा भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंजूरियां प्राप्त करने पर निर्भर करती है।

(ङ) : हवाईअड्डे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में उभरे हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था पर इनका कई गुणा प्रभाव पड़ता है। नागर विमानन क्षेत्र और आर्थिक विकास के बीच संबंध भली-भांति मान्य है। अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) के अध्ययन से पता चलता है कि हवाई संपर्क का आर्थिक गुणक 3.1 और रोजगार गुणक 6.1 है।

*****